# उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय

## नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्व विद्यालय कुमारगंज, फैजाबाद

वर्ष 1975 में नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्व विद्यालय की स्थापना के बाद कृषि महाविद्यालय में वर्ष 1977 में उद्यान विभाग प्रारम्भ किया गया। प्रारम्भ में सभी औद्यानिक सम्बन्धी विषयों जैसे फल विज्ञान, सब्जी विज्ञान, फ्लोरीकल्चर एण्ड लैण्डस्केपिंग, पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी, वानिकी आदि के शिक्षा शोध एवं प्रसार का कार्य उद्यान विभाग द्वारा ही सम्पादित हुआ। कुछ वर्षों बाद वर्ष 1980 में सब्जी विज्ञान विभाग, और वर्ष 1986 – 87 में वानिकी विभाग स्वतंत्र विभागों के रुप में स्थापित हुए। उपरोक्त सभी विभागों द्वारा विषयान्तर्गत पठन पाठन कार्य सम्पादन के साथ – साथ विभिन्न शोध परियोजनाओं के माध्यम से महत्व पूर्ण शोध उपलब्धियों का भी सृजन क्रमशः होता रहा है। पठन पाठन का कार्य कृषि महाविद्यालय और गृह महाविद्यालय के स्नातक एवं परास्नातक छात्र छात्राओं के पाठ्यक्रम के अनुरुप होता रहा है। ज्ञातब्य हो उद्यान विभग और सब्जी विज्ञान विभागों की स्थापना के कुछ वर्षों बाद ही एम0 एस0 सी0 (एजी0) उद्यान, एम0 एस0 सी0 (एजी0) सब्जी विज्ञान, पी0 एच0 डी0 (उद्यान) और पी0 एच0 डी0 ( सब्जी विज्ञान) उपाधियों के पाठ्यक्रम सम्बन्धित विभागों द्वारा प्रारम्भ कर दिए गये थे। तथा महाविद्यालय स्थापनापरान्त एम0 एस0 सी0 (वानिकी) उपाधियों के पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए गये।

वर्ष 2003–04 में विश्व विद्यालय में पृथक उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय की स्थापना कृषि महाद्यिालय में कार्यरत तीन विभागों उद्यान, सब्जी एवं वानिकी को स्थानान्तरणपरान्त की गयी। वर्ष 2008–09 में इस महाविद्यालय में 7 विभाग क्रमशः फल विज्ञान, सब्जी विज्ञान, फ्लोरीकल्चर एण्ड लैण्डस्केपिंग, पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी, मेडिसिनल एण्ड एरोमैटिक प्लांट्स, कृषि वानिकी और वन परिस्थितिकी एवं पर्यावरण विभाग खोले गए हैं जिसमें उद्यान, सब्जी और वानिकी विषयों पर शोध, शिक्षा और प्रसार कार्यक्रम सुचारु रुप से किया जा रहा है। महाविद्यालय द्वारा बी0 एस0 सी0 (उद्यान), एम0 एस0 सी0 (वानिकी), पी0 एच0 डी0 (उद्यान), पी0 एच0 डी0 (सब्जी विज्ञान), की डिग्री प्रदान की जाती है। विभिन्न विभागों द्वारा शोध कार्यक्रम के तहत अद्वितीय कार्य किया गया है, जिसमें सब्जियों की विभिन्न किस्में एवं उनका बीज उत्पादन तथा फलों के विशेष रुप से आँवला, बेल, बेर की विभिन्न प्रजातियों को निकालकर उनकी गुणवत्तापूर्ण नर्सरी तैयार कर किसानों को वितरित करना, 1000 एकड़ ऊसर एवं बंजर भूमि पर बृक्षारोपण कर हरित पट्टी के रुप में विकसित करना, विश्व विद्यालय का सौन्दरीकरण कर शोभाकारी उद्यान विकसित करना तथा अनेक कृषि वानिकी तंत्र किसानों के लाभार्थ संस्तुति करना पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा किसानों / औद्योगिक इकाईयों को तुडाई उपरान्त फल एवं सब्जी प्रबंधन एवं प्रसंस्करण का ज्ञान शोध के आधार पर उपलब्ध कराया जाता है। विभागों द्वारा गुणवत्ता वाले पौधे तैयार कर किसानों को विक्रय कराना है। वर्ष 2009–10 में फलों के विक्रय से 1,62,300 रुपये एवं नर्सरी पौधे से 1,33,347 रुपये, सब्जी बीज विक्रय से क्रमशः 1,79,134 रुपये प्राप्त हुये। वानिकी नर्सरी से 43531 रुपये तथा अन्य उत्पादों से 43220 रुपये प्राप्त हुये हैं।

उद्यान एवं वनिकी महाविद्यालय में उपलब्ध संकाय –

1. **फल विज्ञान विभाग – प्राध्यापक एवं अध्यक्ष – डा0 एच0 के0 सिंह +919415720288**

| क्रम सं0 | उपलब्ध संकाय | संख्या |
|---|---|---|
| (A) | प्राध्यापक एवं अध्यक्ष | 01 |
| (B) | सह प्राध्यापक | 02 |

2. **सब्जी विज्ञान विभाग – प्राध्यापक एवं अध्यक्ष – डा0 जे0 पी0 मिश्रा +919450766591**

| क्रम सं0 | उपलब्ध संकाय | संख्या |
|---|---|---|
| (A) | प्राध्यापक एवं अध्यक्ष | 06 |
| (B) | सह प्राध्यापक | 04 |
| (C) | सहा0 प्राध्यापक | 06 |

3. **फ्लोरीकल्चर एवं लैण्डस्केपिंग विभाग – प्राध्यापक एवं अध्यक्ष – डा0 ए0 के0 सिंह +919415720377**

| क्रम सं0 | उपलब्ध संकाय | संख्या |
|---|---|---|
| (A) | सह प्राध्यापक | 02 |
| (B) | सहा0 प्राध्यापक | 01 |

4. **पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी विभाग – प्राध्यापक एवं अध्यक्ष – डा0 संजय पाठक +919415720124**

| क्रम सं0 | उपलब्ध संकाय | संख्या |
|---|---|---|
| (A) | सह प्राध्यापक | 02 |

5. **मेडीशनल एवं एरोमेटिक प्लांट्स विभाग – प्राध्यापक एवं अध्यक्ष – डा0 ओ0 पी0 सिंह +919415720215**

| क्रम सं0 | उपलब्ध संकाय | संख्या |
|---|---|---|
| (A) | सह प्राध्यापक | 02 |
| (B) | सहा0 प्राध्यापक | 01 |

6. **कृषि वानिकी विभाग – विभागाध्यक्ष – डा0 जे0 पी0 मिश्रा +919450766591**

| क्रम सं0 | उपलब्ध संकाय | संख्या |
|---|---|---|
| (A) | प्राध्यापक एवं अध्यक्ष | 01 |
| (B) | सह प्राध्यापक | 02 |

7. **वन पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण विभाग – विभागाध्यक्ष – डा0 जे0 पी0 मिश्रा +919450766591**

| क्रम सं0 | उपलब्ध संकाय | संख्या |
|---|---|---|
| (A) | सह प्राध्यापक एवं अध्यक्ष | 02 |
| (B) | सहा0प्राध्यापक | 01 |

(1) उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय में संचालित किये जा रहे पाठ्यक्रम/अध्ययनरत छात्र–छात्राओं की संख्या एवं स्नातक/परास्नातक तथा पी0 एच0 डी0 डिग्री धारकों की संख्या एवं उनका प्लेसमेंट –

| क्र0 सं0 | डिग्री | 2005–06 | | 2006–07 | | 2007–08 | | 2008–09 | | 2009–10 | | 2010–11 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अध्ययनरत | डिग्री धारक | अध्ययनरत | डिग्री धारक | अध्ययनरत | डिग्री धारक | अध्ययनरत | डिग्री धारक | अध्ययनरत | डिग्री धारक | अध्ययनरत |
| 1. | बी0 एस0 सी0 (उद्यान) | – | – | 12 | – | 16 | – | 20 | – | 19 | – | 26 |
| 2. | एम0 एस0 सी0 एग्री0 (उद्यान) | 10 | 09 | 08 | 10 | 10 | 08 | 13 | 09 | 10 | – | 17 |
| 3. | पी0 एच0 डी0 (उद्यान) | 04 | 01 | 04 | 04 | 04 | 01 | 03 | 03 | 04 | 04 | 05 |
| 4. | एम0 एस0 सी0 एग्री0 (सब्जी विज्ञान) | 07 | – | 06 | 07 | 07 | 06 | 09 | 07 | 10 | – | 16 |
| 5. | पी0 एच0 डी0 (सब्जी विज्ञान) | 02 | – | 02 | 02 | 02 | 01 | 02 | – | 02 | – | 03 |
| 6. | एम0 एस0 सी0 वानिकी (कृषि वानिकी) | – | – | – | – | – | – | – | – | 01 | – | 04 |
| 7. | एम0 एस0 सी0 एग्री0 (वन पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण) | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – |

**महाविद्यालय द्वारा संचालित परियोजनायें –**

| **क्रम सं0** | **विभाग** | **परियोजना संख्या** | पोषित |
|---|---|---|---|
| 1. | फल विज्ञान विभाग | 03<br>01<br>02 | आई0 सी0 ए0 आर0<br>नेशनल हार्टीकल्चर मिशन<br>नेशनल ऑयल बोड |
| 2. | सब्जी विज्ञान विभाग | 05<br>04 | आई0 सी0 ए0 आर0<br>नॉन प्लान |
| 3. | फ्लोरीकल्चर एवं लैण्डस्केपिंग विभाग | 01<br>01 | आई0 सी0 ए0 आर0<br>एन0 बी0 एम0 |
| 4. | पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी विभाग | 01 | मिनिस्ट्री आफ एग्रीकल्चर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | मेडीशनल एण्ड एरामेटिक प्लान्ट्स डिपार्टमेन्ट | 01<br>01 | एन0 एम0 पी0 बी0<br>आई0 सी0 ए0 आर0 |
| 6. | वानिकी विभाग | 02 | आई0 सी0 ए0 आर0 |

**उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय द्वारा विकसित फलों सब्जियों एवं औषधीय पौधों की विकसित/ चिन्हित प्रजातियां**

**फलों की प्रजातियां**

| | |
|---|---|
| आँवला | नरेन्द्र आँवला–5, नरेन्द्र आँवला–6, नरेन्द्र आँवला–7, नरेन्द्र आँवला–10 |
| बेल | नरेन्द्र बेल–5, नरेन्द्र बेल–7, नरेन्द्र बेल–16, नरेन्द्र बेल–17 |
| बेर | नरेन्द्र बेर सलेक्सन –1, नरेन्द्र बेर सलेक्सन –2, |
| कटहल | नरेन्द्र कटहल–1, नरेन्द्र कटहल–3, नरेन्द्र कटहल–11 नरेन्द्र कटहल–14, |
| क्रौंदा | नरेन्द्र करौंदा–1 |

**सब्जियों की प्रजातियां**

| | |
|---|---|
| टमाटर | नरेन्द्र टमाटर–1, नरेन्द्र टमाटर–2, नरेन्द्र टमाटर–3, नरेन्द्र टमाटर–4, नरेन्द्र टमाटर–5, नरेन्द्र टमाटर–6, नरेन्द्र टमाटर–7, नरेन्द्र टमाटर–8 |
| मटर | नरेन्द्र सब्जी मटर–1, नरेन्द्र सब्जी मटर–2, नरेन्द्र सब्जी मटर–3, नरेन्द्र सब्जी मटर–4, नरेन्द्र सब्जी मटर–5, नरेन्द्र सब्जी मटर–6 |
| बैगन | नरेन्द्र बैगन –1, नरेन्द्र बैगन –2, नरेन्द्र बैगन –3<br>नरेन्द्र शंकर बैगन –1, नरेन्द्र शंकर बैगन –2, नरेन्द्र शंकर बैगन –3, |
| लौकी | नरेन्द्र रश्मि, नरेन्द्र ज्योति, नरेन्द्र घारीदार, नरेन्द्र संकर लौकी–4, नरेन्द्र शिशिर, नरेन्द्र शिवानी, नरेन्द्र माधुरी, नरेन्द्र लौकी–132, नरेन्द्र लौकी–619, एण्ड्रोमोन–6 |
| काशीफल | नरेन्द्र अग्रिम, नरेन्द्र अमृत, नरेन्द्र उपकार, नरेन्द्र आभूषण |
| परवल | नरेन्द्र परवल–260, नरेन्द्र परवल–307, नरेन्द्र परवल–604 |
| खरबूजा | नरेन्द्र खरबूजा–1, नरेन्द्र खरबूजा–2 |
| करेला | नरेन्द्र बारहमासी करेला–1 |

| | |
|---|---|
| लोबिया | नरेन्द्र लोबिया–1, नरेन्द्र लोबिया–2 |
| भिण्डी | नरेन्द्र भिण्डी–10 |
| हल्दी | नरेन्द्र हल्दी–1 |
| अरवी | नरेन्द्र अरबी–1, नरेन्द्र अरबी–2, पीकेयस–1 |
| बण्डा | नरेन्द्र बण्डा –1, नरेन्द्र बण्डा –3, नरेन्द्र बण्डा –9, नरेन्द्र बण्डा –21 |
| जमीकन्द | नरेन्द्र जमीकन्द –5, नरेन्द्र जमीकन्द –9 |
| शकरकन्द | नरेन्द्र शकरकन्द –10, नरेन्द्र शकरकन्द मालती |

## औषधीय एवं सगंध पौधों की प्रजातियां

| | |
|---|---|
| अफीम | कीर्तिमान |
| खस | हाब्रिड–8, एन0 सी0 66416 |
| लेमनग्रास | एन0 एल0 जी0 – 84 |
| बवची | आई0 सी0–111226 |
| मण्डूकपर्णी | बल्लभ मेधा |

## प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ

- शहतूत, बारबेडास चेरी + अमरुद के मिश्रित पेय पदार्थ तथा उच्च गुणवत्ता के बेल कैण्डी की तकनीकि को विकसित किया गया।
- अल्प कैलोरी वाले ऑवला, आम एवं आम ऑवला मिश्रित पेय पदार्थों की तकनीकि विकसित की गई।
- ऑवला के विभिन्न खाद्य पदार्थ जैसे मुरब्बा, कैण्डी, स्प्रेड, सुपारी, सॉस, आर0 टी0 एस0, जैम, लड्डू, बर्फी, स्क्वैश इत्यादि की तकनीकि विकसित की गई।

प्रजातियों के विकास के अतिरिक्त उच्च उत्पादन देने वाली अनेको कृषि तकनीकों, फसल सुरक्षा विधियों और पौध संवर्धन विधियों का विकास महाविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया है, जिसका लाभ प्रदेश एवं देश भर के किसान उठा रहे हैं। पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट एवं स्वास्थकारी पेय, जेल, जेली एवं अन्य भोज्य पदार्थों का विकास किया है और उनके बनाने की विधियों का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है।